पंचायत सम्मेलन- दिनांक 21 से 25 अगस्त, 2017

संख्या- 64**/2017/1830/33-3-2017-189/2017**

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- अध्यक्ष, समस्त जिला पंचायतें, उ0प्र0।

2- समस्त मंडलायुक्त, उ0प्र0।

3- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

4- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-3 **लखनऊ दिनांक 18 अगस्त, 2017**

विषय:- भारत छोड़ो आन्दोलन की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 21 सें 25 अगस्त, 2017 के मध्य जिला पंचायत स्तरीय पंचायत सम्मेलन आयोजित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्वशासकीय पत्र संख्या-0536/Misc./SPR/2017-दिनांक: 16 अगस्त, 2017 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा इस वर्ष Pभारत छोड़ो आन्दोलनß की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 21 से 25 अगस्त, 2017 के मध्य जिला पंचायत स्तरीय 'पंचायत सम्मेलन' आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशानुसार दिनांक 21 सें 25 अगस्त, 2017 के मध्य उत्तर प्रदेश में जिला पंचायतों के संरक्षण में 'पंचायत सम्मेलन' आयोजित किए जाने हेतु मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि -

1- एक दिवसीय पंचायत सम्मेलन का आयोजन समस्त जनपदों में जिलाधिकारी/कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा अध्यक्ष, जिला पंचायत से विचार-विमर्श करते हुए दिनांक 21 से 25 अगस्त, 2017 के मध्य किसी दिन आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद की ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों के चयनित प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस अवसर पर मा0 मंत्रिगण एवं क्षेत्रीय मा0 सांसद गण को भी उनकी सुविधानुसार कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आमन्त्रित किया जा सकता है। मा0 मंत्रिगण/ मा0 सांसदगण के आमंत्रण हेतु भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी आमंत्रण पत्र की प्रति संलग्न है। (संलग्नक-1)

http://shasnadeshup.nic.in

2- सम्मेलन के शुभारम्भ के पश्चात् कार्यक्रम की प्रस्तावित समय-सारिणी निम्नवत होगी:-

- समस्त प्रतिभागियों हेतु मा0 प्रधानमंत्री जी का संदेश पढ़ा जाना। (संलग्नक-2)
- समस्त प्रतिभागियों द्वारा शपथ लिया जाना। (संलग्नक-3)
- वर्ष 2022 में नये भारत के स्वरूप पर चर्चा-परिचर्चा का आयोजन।
- मुख्य अतिथि महोदय का उद्बोधन।

3- कार्यक्रम के अवसर पर पंचायती राज/ग्राम विकास मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध करायी गयी लघु फिल्में अथवा कार्यक्रम के परिदृश्य में किसी भी उपयोगी फिल्म को चयनित कर दिखाया जाना है। लघु फिल्म/पंचायतों द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यो पर वीडियो एवं डाक्यूमेंट्री को पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के यू-ट्यूब चैनल से प्राप्त किया जा सकता है।

4- कार्यक्रम अवधि की जनपदवार प्रगति आख्या, प्रतिभागियों की संख्या एवं चयनित उत्तम गुणवत्ता की फोटोग्राफ/वीडियों एवं मीडिया कवरेज को जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ की ई-मेल-ddzpmcprlu-up@nic.in पर कार्यक्रम आयोजन के 03 दिन के अन्दर उपलब्ध कराया जायेगा।

अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने जनपद मे एक दिवसीय "पंचायत सम्मेलन" आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए प्रगति आख्या शासन को उपलब्ध करने का कष्ट करें।

संलग्नक:- यथोक्त।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक- तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- श्री जितेन्द्र शंकर माथुर, सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3- स्टाफ आफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
4- विशेष सचिव, पंचायतीराज अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
5- निदेशक, पंचायतीराज विभाग, उत्तर प्रदेश/मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।
6- समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0), उ0प्र0।

http://shasnadeshup.nic.in

7- उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ, लखनऊ इस आदेश के साथ कि उक्तानुसार कार्यक्रम की प्रगति आख्या को शासन एवं पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8- अपर मुख्य अधिकारी, समस्त जिला पंचायतें, उ0प्र0।

9- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जितेन्द्र बहादुर सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in